14 मोन्टफोर्शियन इन्टीग्रेशन कैम्प 2018

14 मोन्टफोर्शियन इन्टीग्रेशन कैम्प दिनांक 9 से 13 अक्टूबर को मोन्टफोर्ट इन्टर कॉलेज लखनऊ में आयोजित किया गया है। इस कैम्प में पाँच राज्यों के लगभग 198 स्काउट एण्ड गाइड तथा प्रबंधन समिति और शिक्षकों के साथ 300 लोगों ने इस कैम्प में भाग लिया। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड तथा दिल्ली प्रॉविन्स से शिक्षक एवं स्काउट गाइड ने इन कैम्प में हिस्सा लिया।

शिक्षा मंत्री श्री नीरज बोरा तथा ब्रदर एलेक्स के आतिथ्य में इस कैम्प का शुभारम्भ झण्डा वन्दन के साथ हुआ। सभी स्काउट एण्ड गाइड को पेट्रोल के अनुसार कमरों में रूकवाया गया तथा इसी क्रम में उनकी प्रतियोगिताएँ रखी गई । एक समूह में 8 स्काउट एवं गाइड थे जो अलग– अलग राज्यों से आए थे। इस कैम्प का आयोजन '' सेव नेचर, सेव एनीमल '' इस थीम पर किया गया। कैम्प में मार्च–पास्ट, फस्ट–एण्ड (प्राथमिक साहयता) पायनियरिंग आदि का प्रदर्शन किया गया ।

कैम्प फायर में नृत्य गीत तथा नाटक का आयोजन किया गया था जो कैम्प की थीम से सम्बन्धित था। इन कार्यक्रमों में स्काउट एण्ड गाइड के उत्साह – वर्धन हेतु माननीय अतिथियों का उद्‌बोधन रखा गया। कैम्प का समापन ब्रदर जेम्स इक्का प्रॉविन्स सुपीरियर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। सेन्ट मोन्टफोर्ट स्कूल भोपाल के स्काउट एण्ड ने इस कैम्प में सक्रिय रूप से भाग लेकर कई गोल्ड एवं सिल्वर मैडल जीत कर उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।